Printed Pages—4

3 (Sem–6) HIN M 4

2 0 1 5

HINDI

(Major)

Paper : 6.4

(Prayojanmulak Hindi Evam Anuvad)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×7=7

(क) संविधान के प्रावधानानुसार राजभाषा किस लिपि में लिखी जानी चाहिए?

(ख) मूलतः राजभाषा किस बोली अथवा भाषा का विकसित तथा परिष्कृत रूप है?

(ग) प्रयोजनमूलक हिन्दी के लिए प्रयुक्त एक पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(घ) संविधान के अनुच्छेद 351 में प्रयोजन-सापेक्ष आठवीं अनुसूची के भाषा-समूह से क्या-क्या ग्रहण करने का प्रावधान रखा गया है?

(ङ) पत्रकारिता को परिभाषित कीजिए।

(च) उच्च न्यायालय के निर्णय, डिक्री, आदेश आदि में हिन्दी अथवा अन्य राजभाषा के वैकल्पिक प्रयोग का प्रावधान कहाँ दिया हुआ है?

(छ) 'उत्स भाषा' को परिभाषित कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) सामान्य हिन्दी और साहित्यिक हिन्दी में निहित कोई दो प्रमुख अन्तर लिखिए।

(ख) रेडियो (आकाशवाणी) और दूरदर्शन में प्रयुक्त हिन्दी की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) अच्छे अनुवादक के कोई दो लक्षण लिखिए।

(घ) अनुच्छेद 343(11) में राष्ट्रपति के लिए क्या निर्देश दिया गया है?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) अनुस्मारक **अथवा** ज्ञापन के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए एक नमूना प्रस्तुत कीजिए।

(ख) प्रतिवेदन **अथवा** टिप्पण की मूल विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ग) हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली लिखिए :
Post Graduate ; Priority ; Session ; Ballot ; Average ; Consumer ; Candidate ; Road Tax ; Earned Leave ; In-charge

(घ) निम्नलिखित गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक देकर संक्षेपण कीजिए :

स्वतंत्रता अपने आप में निरपेक्ष नहीं है। एक सीमा पार कर जाने के बाद स्वतंत्रता, स्वेच्छाचारिता और उच्छृंखलता में बदल जाती है। एक व्यक्ति को धन कमाने की स्वतंत्रता है, पर काले बाजार की अथवा लूटने की स्वतंत्रता नहीं है। हम एक पागल को मोटर चलाने की स्वतंत्रता नहीं दे सकते, जबकि एक सामान्य नागरिक को, जो मोटर चलाना जानता है, मोटर चलाने का आज्ञापत्र प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं होती। हमको लाउडस्पीकर पर गाने की स्वतंत्रता है; किन्तु हमारे गाने से हमारे पड़ोसी के सोने की स्वतंत्रता नष्ट नहीं होनी चाहिए। जो स्वतंत्रता हमें प्राप्त है, वह दूसरे व्यक्ति की स्वतंत्रता में बाधक नहीं होनी चाहिए। हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि हर स्वतंत्रता के साथ एक दायित्व का प्रश्न जुड़ा हुआ है।

(ङ) निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद हिन्दी में कीजिए :

The State of Arunachal Pradesh is an integral part of India. The people of Arunachal Pradesh are citizens of India. Indian leaders visit this State from time to time as they visit other parts of India. External Affairs Ministry spokesperson Syed Akbaruddin said. He was replying to a query if there was any chance that India will give a strong reply to China after it commented on PM's visit to this State.

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) अनुवाद को परिभाषित करते हुए उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

अथवा

प्रयोजनमूलक हिन्दी के अभिप्राय को स्पष्ट करते हुए उसकी परिव्याप्ति पर प्रकाश डालिए।

(ख) विज्ञापन को परिभाषित करते हुए कम्प्यूटर में हिन्दी के प्रयोग के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कार्यालयी पत्र को परिभाषित करते हुए एक सरकारी पत्र की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

(ग) राजभाषा नियम 1976 पर प्रकाश डालिए।

अथवा

संविधान के अनुच्छेद 351 के लक्ष्य-उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

☆ ☆ ☆